प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

केन्द्र अधीक्षक/स्थायी पर्यवेक्षक,
सम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–2026,
हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्र।

पत्रांकः–प्राशिप/अनु04/2026/1648 **लखनऊःदिनांक–**20.05.2026

विषयः–लेखपाल मुख्य परीक्षा (प्रा0 अ0 प0–2025) की लिखित परीक्षा के दृष्टिगत दिनांक 21–5–2026 को आयोजित होने वाली परिषद की परीक्षाएं दिनांक 24–5–2026 को आयोजित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के पत्र संख्या प्राशिप/अनु04/2026/1247 दिनांक 11–5–2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा दिनांक 21–5–2025 को लेखपाल मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0 प0–2025) की लिखित के दृष्टिगत दिनांक 21–5–2026 को आयोजित की जाने वाली परिषद की समस्त परीक्षाएं स्थगित करते हुए दिनांक 24–5–2026 को कराये जाने के संबंध में सूचना प्रेषित की गयी थी।

उक्त के दृष्टिगत पुनः अवगत कराना है कि **दिनांक 21–5–2026 को लेखपाल की लिखित परीक्षा होने के कारण दिनांक 21–5–2026 को परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली समस्त प्रश्नपत्रों की परीक्षाएं दिनांक 24–5–2026 को आयोजित की जाएंगी। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि प्रश्नपत्र कोड 2531 (Interior Design-III) की परीक्षा दिनांक 22–5–2026, 23–5–2026 एवं 24–5–2026 को आयोजित की जाएंगी।**

कृपया उपरोक्तानुसार अवगत होते हुए अपने स्तर से छात्र/छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप/अनु04/2026/1699–1702 **तददिनांक–**20.05.2026

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र।
3. प्रधानाचार्य/निदेशक, परिषद से सम्बद्ध समस्त राजकीय/अनुदानित/पी0पी0पी/निजी क्षेत्र की संस्थाएं **(केवल डिप्लोमा इंजी0 संस्थान)।**
4. अनुभाग अधिकारी/प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद।

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव